प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में 82 शिक्षकों को दिये राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार : मिर्जापुर के रविकांत द्विवेदी और प्रतापगढ़ के श्याम प्रकाश मौर्य हुए सम्मानित।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में 54 शिक्षकों को दिया राज्य अध्यापक पुरस्कार।
3. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन को किया संबोधित : संयुक्त सैन्य दृष्टिकोण विकसित करने पर दिया जोर।
4. कर्मचारी भविष्य निधि योजना से पेंशन पाने वाले पहली जनवरी 2025 से देश के किसी भी हिस्से में किसी भी बैंक में पा सकेंगे अपनी पेंशन।

———————

देशभर में आज शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है। हर वर्ष 5 सितंबर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार पाने वालों में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के प्राथमिक विद्यालय भगेसर के रविकांत द्विवेदी और प्रतापगढ़ के मान्धाता ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर के श्याम प्रकाश मौर्य शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षकों ने विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रूचि बढ़ाने में अद्भुत प्रयास किये हैं। उन्होंने पढ़ाने के नये–नये तरीके निकालने के साथ ही तकनीक का बेहतर इस्तेमाल किया है। बाइट....

*शिक्षकों ने बच्चों में अध्ययन के प्रति रूचि बढ़ाने के अद्भुत प्रयास किये हैं। उन्होंने पढ़ने के नये–नये ओर रोचक तरीके निकालने के लिये नई टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया है। शिक्षा को पारदर्शी बनाने में योगदान दिया है। पूरे देश में अनगिनत शिक्षक निष्ठा के साथ कार्यरत है, सबको पुरस्कार देना संभव नहीं हैं। मैं सभी देशवासियों की तरफ से शिक्षक समूह को उनके असाधारण प्रयास के लिये बहुत–बहुत धन्यवाद देती हूं।*

चयनित शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के रूप में 50–50 हजार रुपए नगद, चांदी का मेडल और प्रमाण–पत्र दिया गया। राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले प्रतापगढ़ के मल्हौरपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य परिषदीय बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए पढ़ाते हैं। वहीं मिर्जापुर के भगेसर स्थित प्राथमिक विद्यालय के रविकांत द्विवेदी द्वारा बनाया गया गणित का बगीचा काफी चर्चित है।

———————

राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर आज प्रदेश के सभी जिलों के विभिन्न विश्वविद्यालय, कॉलेज, स्कूल और शैक्षणिक संस्थाओं में शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ ही कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले बेसिक शिक्षा के 41 और माध्यमिक शिक्षा के तेरह शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें से दो प्रधानाचार्यों को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिनमें कासगंज के सूरज प्रसाद डागा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के भूपेंद्र कुमार सिंह और कन्नौज के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के अनिल कुमार मिश्र शामिल रहे। पुरस्कार विजेता शिक्षकों को पचीस हजार रूपये का चेक और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक शिक्षक समाज और राष्ट्र का निर्माता होता है। शिक्षक बनने के लिये निरन्तर अभ्यास करना पड़ता है और अपने ज्ञान से दूसरे को ज्ञानवान बनाना होता है। इसीलिये शिक्षक की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है।

——————

अयोध्या दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने कारसेवकपुरम में स्वर्गीय अशोक सिंघल वेद पुरस्कार वितरित किए। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट वेद विद्यार्थी नारायण लाल शर्मा ,आदर्श वेद अध्यापक कुलपति आर चंद्र मौलि श्रोतिय और सर्वश्रेष्ठ वेद विद्यालय आचार्य गोपाल चंद्र मिश्र वैदिक उन्नयन संस्था काशी को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल विश्व के धर्म का कोई मूल है तो वह हमारे वेद हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के अंदर जब भी शांति और सौहार्द की बात होगी तो वह रास्ता भारत के गुरुकुल की ओर से ही जाएगा और भारत ही उसका नेतृत्व करेगा।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या के राम सेवक पुरम में स्वामी रामनाथ मंदिर का उद्घाटन किया और मंदिर के गर्भ ग्रह में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मंदिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत भारत के स्वप्न को साकार करने में एक अहम भूमिका निभाएगा।

——————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज देश के रक्षा बलों के शीर्ष कमांडरों से रूस–यूक्रेन युद्ध, इजरायल–हमास संघर्ष और बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करने और अप्रत्याशित घटनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। रक्षामंत्री ने शीर्ष स्तरीय सैन्य नेतृत्व बैठक के दूसरे और अंतिम दिन लखनऊ में प्रथम संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है और शांति बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। रक्षामंत्री ने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सशस्त्र बलों के अमूल्य योगदान की सराहना की। साथ ही तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता और एकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। रक्षा मंत्री ने अंतरिक्ष और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में क्षमता विकास पर जोर दिया। उन्होंने सैन्य नेतृत्व से डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में

नवीनतम तकनीकी प्रगति के उपयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का भी आग्रह किया। सम्मेलन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख भी शामिल हुए।

————————

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने आज सहारनपुर में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्र—छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। समारोह में 23 हजार 990 छात्र—छात्राओं को उपाधि दी गई। इनमे 7 हजार 459 छात्र और 16 हजार 531 छात्राएं शामिल रहीं । सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले 6 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक समेत कुल 71 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए। समारोह में राज्यपाल ने कहा कि अब लोगों की सोच और नजरिया बदल रहा है। बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं।

————————

विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र—सीएसई और उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी विकास विभाग ने आज लखनऊ में एक संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का विषय उत्तर प्रदेश में सतत स्वच्छता और झील प्रबंधन था। सीएसई, प्रदेश सरकार के साथ मिलकर प्रदेश में वॉटर और वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट पर काम कर रही है। कार्यक्रम में सीएसई की महानिदेशक सुनीता नारायण ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने अपने जल और अपशिष्ट जल के प्रबंधन के लिए कई कदम उठाए हैं। राज्य, भूजल प्रबंधन और झीलों के पुनरुद्धार पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। कार्यशाला में अमृत योजना के एडिशनल मिशन डायरेक्टर पी के श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यशाला में एफएसटीपी और एसटीपी सह—उपचार संयंत्रों का मूल्यांकन किया गया।

————————

कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत पेंशन पाने वाले लोग अब पहली जनवरी 2025 से देश के किसी भी हिस्से में किसी भी बैंक में अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। इसमें 78 लाख से अधिक पेंशन भोगियों को लाभ होगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने इसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन —ईपीएफओ की एक बडी उपलब्धि बताया है। श्री मांडविया ने कहा कि देश में किसी भी बैंक शाखा से पेंशन के वितरण से पेंशनभोगियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा।

————————

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज अस्वस्थ होने के कारण सुल्तानपुर के एमपीएमएलए विशेष कोर्ट में मानहानि के मामले में पेश नहीं हुए। उनके अधिवक्ता की ओर

से हाजरी माफी दी गई, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 19 सितंबर तय कर दी है। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का केस दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा नेता अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी।

—————

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज वाराणसी के शिवपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल और कैंट पुलिस थाने का औचक निरीक्षण कर कार्यों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने मौजूद अधिकारियों को कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

—————